RAF SECTOR

NEWS CLIP

08/05/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Ajamgarh (UP)

अर्ध सैनिक बल के जवानों को दिशा–निर्देश देते असिस्टेंट कमांडेंट ● जागरण

पुलिस छावनी में तब्दील रहा रेलवे स्टेशन

जासं, आजमगढ़ : आदर्श रेलवे स्टेशन गुरुवार को पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। स्टेशन पर सुबह से ही चार थानों की पुलिस, एक कंपनी आरएएफ, जीआरपी व आरपीएफ के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया था। डीएम तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे तो संतुष्टि जताई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

24 बोगी की श्रमिक स्पेशल रलवे स्टेशन पहुंची तो अधिकारी व कर्मचारी अलर्ट हो गए। ट्रेन की बोगियों को 12–12 के दो भागों में बांटा गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीमों से आठ को मेन गेट पर व सात को ओवरब्रिज के नीचे जांच के लिए लगाया गया था। एक–एक बोगी पर दो–दो सुरक्षाकर्मियों की तैनात की गई थी। जीआरपी प्रभारी गणनाथ प्रसाद व आरपीएफ प्रभारी राशिद बेग मिर्जा खुद लगे हुए थे। मेन गेट पर जीआरपी के शिवकुमार यादव जवानों के साथ लगे थे। जीआरपी, आरपीएफ व क्यूआरटी टीम के साथ चार थानों की पुलिस भी तैनात रही। थानाध्यक्षों में सिधारी के विनय कुमार मिश्रा, कंधरापुर के शिवशंकर सिंह, जहानागंज के राकेश कुमार व रानी की सराय के रामायण सिंह तैनात रहे।

जब संशय में पड़ गए कप्तान

जासं, आजमगढ़ : श्रमिक स्पेशल ट्रेन के पहुंचने की जानकारी पर व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे पुलिस कप्तान उस समय संशय में पड़ गए जब उन्होंने अपनी थर्मल स्क्रीनिंग कराई। दरअसल इसके लिए दो तरह की मशीन लगाई गई थी। उनकी जांच में पीली एवं सफेद मशीन अलग–अलग रिपोर्ट दर्शा रही थी। इस पर उन्हें संशय हुआ कि कुछ गड़बड़ है। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि दोनों मशीनों से नापने का पैमाना अलग–अलग है। पीली मशीन फारेन हाइट में तो सफेद मशीन सेंटीग्रेड में तापमान बताती है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।